राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–214/2024

राज्यपाल ने 86वें कौमुदी महोत्सव में भाग लिया

पटना, 16 अक्टूबर 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर पाटलिपुत्र परिषद्, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन, पटना द्वारा गाँधी सरोवर, पटना सिटी में आयोजित 86वें कौमुदी महोत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शरद पूर्णिमा की रात्रि का उत्सव समाज में आपसी एकता, प्रेम और सद्भावना को मजबूत करने का संदेश देता है।

राज्यपाल ने कहा कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर उत्सव मनाने की परम्परा हजारों वर्षों से चली आ रही है। दक्षिण भारत में शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा भी कहते है। उन्होंने इसके पीछे की भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि शरद पूर्णिमा की रात्रि में जागरण करने वाले अच्छे लोगों को सद्गति की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर खीर खाने की परम्परा है। शरद पूर्णिमा की चाँदनी रात में खीर को रखने पर चन्द्रमा की किरणें इसे पवित्र करती हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले महानुभावों को 'कौमुदी रत्न सम्मान' से सम्मानित किया तथा स्मारिका का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम को बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नन्द किशोर यादव ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर पटना की महापौर श्रीमती सीता साहू व उपमहापौर श्रीमती रश्मि चन्द्रवंशी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की विशेष सचिव व अन्य पदाधिकारीगण, पटना के जिला पदाधिकारी एवं उपविकास आयुक्त, पाटलिपुत्र परिषद् के अध्यक्ष व महासचिव तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....